अमृत सागर तालाब के पास काटे गए थे 30-40 हरे पेड़

# मंदिर और दरगाह के पेड़ काटे जाने पर न्यायालय ने दिए जांच के आदेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. अमृत सागर तालाब के

एडवोकेट रायकवार ने बताया कि 28 मई 2021 को समाचार पत्रों में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जानकारी दी थी कि मंदिर और दरगाह के वृक्ष काटने के आदेश नहीं दिए हैं। एडवोकेट ने जनहित याचिका उच्च न्यायालय की खंडपीठ में लगाई थी। न्यायामूर्ति सुजो पॉल और अनिल वर्मा ने जनहित याचिका में कहा कि एक ओर विधायक कोरोना मरीजों को आक्सीजन प्लांट लगवा रहे थे। दूसरी तरफ हरे वृक्षों को मप्र वृक्षों का परिरक्षण (नगरीय प्रशासन) अधिनियम 2001 का उल्लंघन कर आक्सीजन देने वाले पेड़ों को कटवाया गया। पेड़ काटने वाले को दंडित किया जाए। एडवोकेट रायकवार ने यह भी कहा कि 17 मई 1981 को 40 वर्ष पहले मंदिर के फलाहारी बाबा को अतिक्रमण करने के विरुद्ध नोटिस दिया था। इसके बाद नगर निगम ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे सिद्ध होता है कि 40 वर्ष बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की जा सकती है। उच्च न्यायालय ने जांच करके दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

## पेड़ काटने पर कलेक्टर नियमानुसार कार्रवाई करें

रतलाम। जानेश्वर महादेव मंदिर व दरगाह अमृत सागर तालाब रोड की बाउंड्रीवाल पर 28 मई को 30 से 40 हरे भरे पेड़ काटने के मामले में लगाई गई जनहित याचिका में हाइकोर्ट ने कलेक्टर को शिकायत सुनकर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

न्यायमूर्ति सुजो पाल व अनिल वर्मा की बेंच में अभिभाषक केसी रायकवार ने जनहित याचिका दायर कर बताया था कि हरे भरे पेड़ों को काटने पर प्रकरण दर्ज किया जाए। निगम की ओर से 17 मई 1981 को अतिक्रमण का नोटिस फलाहारी बाबा को दिया था। उनके जवाब से संतुष्ट होने पर कोई कार्वाई नहीं हुई। 40 साल बाद अब अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की जा सकती, क्योंकि 30 वर्षों बाद मंदिर की मूर्ति का कब्जा हो जाता है। नई दु/7/21

प/7/21
3-7-2021

नई दु/7/21
3-7-2021

# शादी में अनुमति से ज्यादा लोग मिले, होटल समता सागर पर 5 हजार जुर्माना

भास्कर संवाददाता | रतलाम

3-7-21

महू रोड स्थित होटल समता सागर के संचालकों की मनमानी पर शुक्रवार रात प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। प्रतिबंधात्मक आदेश के बावजूद होटल में समता सागर में हो रही शादी में अनुमति से ज्यादा लोग मौजूद थे। एसडीएम अभिषेक गेहलोत के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार नवीन गर्ग और प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई की। तब न तो सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जा रहा था, न विवाह समारोह में शामिल लोगों और होटल स्टॉफ ने मास्क पहन रखा था। इस पर होटल समता सागर के संचालक और विवाह आयोजक को फटकार लगाते हुए होटल पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही अनुमति


# जिला चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था पर फोकस करें

## कलेक्टर ने रोगी कल्याण समिति की बैठक में दिए निर्देश, दो नई मशीनों की खरीदी को मंजूरी तथा कई कार्योत्तर स्वीकृतियां दी गई

रतलाम। जिला चिकित्सालय की सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं है। सिविल सर्जन सफाई पर फोकस करें, सुंदर स्वरूप देवें। सैनिटेशन पर प्रॉपर ध्यान दिया जाए। चिकित्सालय परिसर में छोटा कंपोस्टिंग प्लांट लगाया जाए। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट स्थापित किया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की बैठक में दिए। इस दौरान जिला चिकित्सालय के लिए कई कार्योत्तर स्वीकृतिया दी गई। नवीन कार्यों पर चर्चा हुई। मरीजों की सुविधा के लिए दो नई मशीनें क्रय करने की मंजूरी भी बैठक में दी गई। इस अवसर पर सदस्य गोविंद काकानी, मनोहर पोरवाल, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे, सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर, डीपीएम डॉ. अजहर अली आदि उपस्थित थे।

विगत बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए लिए गए निर्णय की जानकारी दी गई। इसके अनुसार जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित कुँए के जीर्णोद्धार में निर्माण कार्य के प्रथम चरण में 57 हजार 500 रूपए की कार्योतर स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गई थी। द्वितीय चरण में कुँए को लोहे के जाल से ढंकने हेतु अनुमानित लागत 1 लाख 60 हजार रूपए के प्रस्ताव के संबंध में कुँए की बाउंड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाते हुए फेंसिंग के कार्य के लिए कार्यवाही प्रक्रियाधीन है ।

इसी प्रकार जिला चिकित्सालय ओपीडी में एल्युमीनियम सेक्शन



एवं पेंटिंग कार्य के लिए प्रथम भाग में 88 हजार 803 रूपए एवं द्वितीय भाग में 61 हजार 595 रूपए के प्रस्ताव पर समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी, यह कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है। जिला चिकित्सालय स्थित ट्रू नाट लैब निर्माण कार्य के संबंध में भी कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। बताया गया कि रोगी कल्याण समिति द्वारा रखे गए कर्मचारियों को आउट सोर्स एजेंसी में सेवाएं देने हेतु सहमति पत्र प्रदान किए गए। किसी भी कर्मचारी सहमति प्रदान नहीं की गई तथा मौखिक रूप से रोगी कल्याण समिति से ही मानदेय भुगतान का निवेदन किया गया। इस संबंध में कार्रवाई की गई। रोगी कल्याण समिति द्वारा मेन पावर बढ़ाए जाने के संबंध में 4 कर्मचारियों को रखे जाने पर निर्णय लिया गया था, उस अनुसार कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है । जिला चिकित्सालय स्थित बावड़ी के जीर्णोद्धार के संबंध में भी आवश्यक निर्णय लिए गए थे । इस संबंध में उपयंत्री एनएचएम सुश्री कामिनी मालवीय को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। गंभीर मरीजों के लिए वीडियो लेरिंगोस्कोप को सवा लाख की अनुमानित लागत से क्रय किया जाने का प्रस्ताव रखा गया था, यह कार्यवाही भी पूर्ण कर ली गई है। आईसीयू एवं सीसीयू के मरीजों के लिए गाउन क्रय करने संबंधी प्रस्ताव, जिला चिकित्सालय में वेंटिलेटर के ट्यूबिंग के क्रय करने के प्रस्ताव के संबंध में भी कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है। बैठक में एमसीएच अस्पताल में निर्माणाधीन शेड के संबंध में चर्चा की गई। जिला चिकित्सालय के आईसीयू एवं सीसीयू वार्ड में नवीन वैक्यूम एवं ऑक्सीजन लाइन का अनुमानित कार्य दो लाख रूपए की लागत से बना है, इस प्रस्ताव पर भी चर्चा कर सहमति व्यक्त की गई। जिला चिकित्सालय में डिजिटल एक्स-रे मशीन रेडक्रॉस के माध्यम से 10 लाख रुपए में क्रय करने एवं सीआर्म मशीन, जो ऑर्थोपेडिक कार्य में सहायक होती है, इसे रोगी कल्याण समिति से क्रय करने के संबंध में निर्णय लिया गया। जिला चिकित्सालय में नवीन लॉन्ड्री के निर्माण उपरांत आगामी कार्यवाही पर चर्चा की गई। जिला चिकित्सालय में वर्ष 2019-20 में शौचालय निर्माण के देयक पर चर्चा की गई। ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट सप्लाई हेतु 90 मीटर की ऑक्सीजन पाइप लाइन के कार्य हेतु दो लाख रुपए की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार ब्लड बैंक एवं सीटी-स्कैन कक्ष में इलेक्ट्रिक एवं रिनोवेशन कार्य की अनुमानित राशि दो लाख रूपए की कार्योत्तर स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

4
इन्दौर समाचार
3-7-2021

# मवेशियों को गोशाला भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 1022 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। शुक्रवार को सैलाना रोड, जवाहरनगर, विनोबानगर आदि क्षेत्र से छह मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

नई दुनिया।

3-7-2021।

**प्रदेश में हैं 13 सीडब्ल्यूटीएफ सेंटर : वर्तमान में करीब 13.7 मीट्रिक टन रोज निकल रहा है बायोमेडिकल वेस्ट**

# प्रदेश में कोविड काल में निकला 8822 मीट्रिक टन बायोमेडिकल कचरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क 3-7-21
patrika.com



भोपाल. प्रदेश में कोरोना संक्रमण काल में करीब 8822 मीट्रिक टन बायोमेडिकल वेस्ट निकला। इसमें से 3 हजार मीट्रिक टन बायोमेडिकल वेस्ट सिर्फ कोरोना से संबंधित वेस्ट है। वर्तमान में करीब 13.7 मीट्रिक टन रोज बायोमेडिकल वेस्ट निकल रहा है, जिसमें से 1.7 मीट्रिक टन कोविड व वैक्सीनेशन आधारित कचरा होता है।

इसे नष्ट करने के लिए प्रदेश में 13 कामन बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैसेलिटीज सेंटर बनाए गए हैं। सीडब्ल्यूटीएफ सेंटर के इंसिनिरेशन की क्षमता करीब 51.6 मीट्रिक टन रोज की है। कोविड उपचार कर रहे अस्पतालों और आइसोलेशन सेंटरों, क्वारंटीन सेंटरों से एकत्रित अवशिष्ट की जानकारी सीडब्ल्यूटीएफ सेंटर को दी जाती है। ये सेंटर महीने के अंदर इसकी जानकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को देते हैं। वे यह भी बताते हैं कि कचरे को कितने दिनों के अंदर नष्ट किया गया है। वहीं मप्र प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड रीजनल कार्यालय और जिला प्रदूषण कंट्रोल कार्यालयों से सीडब्ल्यूटीएफ सेंटरों का औचक निरीक्षण और इनके नष्ट करने की विधि पर नजर रखी जाती है।

## सेंटरों को दी डस्टबिन

कोरोना वैक्सीनेशन सेंटर को डस्टबिन उपलब्ध कराया गया है, जिससे वे बायोमेडिकल वेस्ट को इधर-उधर न फेंकें। इंसिनरेटर और कचरा संग्रहण के लिए काम कर रही एजेंसियों को इसे सेंटरों से कलेक्ट करने में किसी तर की समस्य न हो।

## टीकाकरण : 21 लाख मीट्रिक टन कचरा निकला

महा टीकाकरण अभियान से अभी तक करीब 21 लाख मीट्रिक टन बायोमेडिकल कचरा निकला। सबसे ज्यादा भोपाल, इंदौर और जबलपुर जोन से निकला। इस अभियान में बायोमेडिकल वेस्ट का नियमित कलेक्शन, मॉनीटरिंग की जा रही है। शाम को सभी तरह के कचरे का अलग-अलग निर्धारण कर उसे इंसिनरेशन के लिए भेजा जाता है। बायोमेडिकल के अलावा ठोस अवशिष्ट का भी संग्रहण नगरीय निकायों के जरिए किया जाता है। प्रदेश के सभी जिलों में 21 से 30 जून तक करीब 10 लाख मीट्रिक टन बायोमेडिकल वेस्ट निकला है।

### रीजनल कार्यालय

21 से 30 जून तक निकला कोविड वेस्ट मात्रा किलो में

| | |
|---|---|
| इंदौर | 1780.61 |
| जबलपुर | 1169.98 |
| भोपाल | 1089.09 |
| ग्वालियर | 948.2 |
| उज्जैन | 634.36 |
| सागर | 533.76 |
| गुना | 554.6 |

पत्रिका
3-7-2021

# बगीचे की जालियां निकालकर कबाड़ी को बेचने पहुंच गए निगमकर्मी

## लोगों की सूचना पर पुलिस ने पकड़ा, ट्रैक्टर-ट्राली सहित सामग्री नगर निगम अधिकारी को सौंपी

3-7-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। गोपाल गोशाला कालोनी स्थित निगम के बगीचे से निकली पुरानी लोहे की सामग्री स्टोर रूम में जमा कराने के बजाये निगम के ही कुछ कर्मचारी कबाड़े की दुकान पर बेचने पहुंच गए। वे सामग्री बेच पाते उसके पहले ही क्षेत्रवासियों ने पुलिस को सूचना दी। दीनदयाल नगर पुलिस ने सामग्री नगर निगम अधिकारी को सौंप दी है। पुलिस को अभी निगम की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है।

शहर में नगर निगम द्वारा बगीचों का सुधार कार्य किया जा रहा है। सुधार कार्य में गोपाला गोशाला कालोनी स्थित बगीचे से लोहे की पुरानी जालियां व एंगल निकाले गए हैं। नियमानुसार इन्हें निगम के स्टोर रूम में जमा करना था, लेकिन शुक्रवार को कुछ कर्मचारी उक्त सामग्री ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर ले जाने लगे। क्षेत्र के कुछ लोगों को शंका हुई तो उन्होंने ट्रैक्टर-ट्राली का पीछा किया। कर्मचारी आबकारी रोड पर एक कबाड़े की दुकान पर पहुंचे और वहां सामग्री उतारने वाले थे। इस दौरान पुलिस मौके पर पहुंच गई और ट्रैक्टर-ट्राली सहित सामग्री दीनदयाल नगर थाने ले गई। बगीचे से सामग्री निकालने का वीडियो भी क्षेत्रवासियों ने बनाया है।

थाना प्रभारी एके ननामा ने बताया कि नगर निगम अधिकारियों के आने पर उन्हें सामग्री ट्रैक्टर ट्राली सुपुर्द की है। निगम के उपयंत्री कुशवाह ने मीडिया को बताया कि दो कर्मचारी कबाड़े की दुकाने पर लोहे की सामग्री उतारते दिखे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

नईदुनिया 3.7.2021

**सभी कर्मचारियों को दिया बर्खास्तगी का नोटिस, एफआईआर भी होगी**

# नगर निगम का कबाड़ा बाजार में बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ाए तीन कर्मचारी

पत्रिका 3.7.21 सिटी हैपनिंग



रतलाम. नगर निगम के कर्मचारी डीजल पेट्रोल की बिक्री बाजार में करते हैं, यह आरोप कई बार लगे हैं, लेकिन इस बार कर्मचारी निगम की संपत्ती का कबाड़ा बाजार में बिक्री करते रंगे हाथ सुबह करीब 11 बजे पकड़ में आए हैं। निगम की लोकनिर्माण विभाग के इन कर्मचारियों को अब नौकरी से बर्खास्तगी का नोटिस दिया जा रहा है। पुलिस प्रकरण दर्ज करवाने की कार्रवाई भी की जा रही है।

गौशाला कॉलोनी के बगीचे में बाउंड्रीवाल के काम के चलते नगर इन पुरानी जालियों को हटाने के लिए भेजा गया था। नई जालियों को वहां रखकर ट्रैक्टर को पुरानी हो गई जालियों को लेकर नगर निगम के कर्मशाला विभाग में आना था।

क्षेत्र के रहवासी सत्यदिन भट्ट के अनुसार लंबे समय से इस बारे में जानकारी मिल रही थी कि कबाड़े को बाजार में सस्तेदाम में बिक्री किया जा रहा है। जब शुक्रवार को ट्रैक्टर को जालियों को लेकर नगर निगम पहुंचना था, लेकिन वो हाट की चौकी क्षेत्र में एक कबाड़े की दुकान पर पहुंच गया। इसके बाद पुलिस से लेकर नगर निगम के अधिकारियों को सूचना दी गई है।

### हटाने का नोटिस जारी

निगम की लोकनिर्माण विभाग की शाखा में काम करने वाले उपयंत्री ब्रजेश कुमार कुशवाह की रिपोर्ट पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नौकरी से बर्खास्तगी का नोटिस जारी किया है। जारी सूचना पत्र में विस्तार से इनके कारनामे बताकर सवाल किया गया है कि क्यों नहीं नौकरी से हटाया जाए। इधर दूसरी तरफ इनके खिलाफ पुलिस की कार्रवाई करते हुए दीनदयाल नगर पुलिस थाने में भी एफआईआर के लिए लिखा जा रहा है।

पूरे मामले की जानकारी मिली है। निगम की लोकनिर्माण विभाग द्वारा उन सभी कर्मचारियों को बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिन्होंने यह गलत काम किया है। इसके लिए उनको नोटिस दिया जा रहा है। पूरे मामले को पुलिस को भी सौंपा जा रहा है।

**योजना में बदलाव** • फंड जुटाने के लिए फोरलेन से लगी जमीन को कमर्शियल उपयोग के लिए बेचेंगे

# ट्रांसपोर्ट नगर योजना फिर बनेगी, राजधानी के अफसरों को नहीं जमा आरडीए का प्लान

## अंदर के प्लॉट कम कीमत पर मिलेंगे, अब विशेषज्ञ कंसल्टेंट की सेवा भी लेंगे

### शुक्रवार को भोपाल के कंसल्टेंट ने देखी सालाखेड़ी की जमीन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

3-7-21

फ्रीगंज, स्टेशन रोड, सालाखेड़ी फोरलेन, धानमंडी आदि के रहवासियों को जल्द भारी वाहनों के यातायात की आवाजाही से छुटकारा मिलने वाला नहीं है। सालाखेड़ी में प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर का रतलाम विकास प्राधिकरण (आरडीए) द्वारा बनाया गया प्रारंभिक प्लान राजधानी के अफसरों को पसंद नहीं आया। महत्वपूर्ण सुझाव देकर अफसरों ने विशेषज्ञ कंसल्टेंट की मदद से फिर से बनाने को कहा है। शुक्रवार को भोपाल के कंसल्टेंट शैलेंद्र शर्मा ने सालाखेड़ी पहुंचकर जमीन की लोकेशन देखकर कहां-क्या बनाया जाएगा। इसकी शुरुआती रूपरेखा बना ली है। इसके अनुसार सड़कों की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। मोटेल, मल्टीपर्पस बिल्डिंग के साथ ट्रांसपोर्टर्स के लिए नई सुविधाएं भी नई योजना में शामिल होंगी। सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है फंड जुटाना, इसके लिए सालाखेड़ी में मिली 18 हेक्टेयर जमीन का जो हिस्सा फ्रंट रोड यानी फोरलेन के सहारे आ रहा है। उस पर कमर्शियल प्लॉट काटकर टेंडर के मार्फत बेचे जाएंगे। इससे दो फायदे होंगे, पहला ट्रांसपोर्ट नगर का इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने के पैसों का इंतजाम होगा, दूसरे ट्रांसपोर्टर्स के लिए प्लॉटों की कीमत कम रखी जाएगी।



सालाखेड़ी में आरटीओ ऑफिस वाली जमीन, जहां ट्रांसपोर्ट नगर बनना है।

### ट्रांसपोर्ट नगर के नए प्लान में ये होगा

**सड़कें** - 24 मीटर चौड़ी बनेंगी, इससे भारी वाहनों को चलने में सुविधा होगी, पहले 12 से 15 मीटर चौड़ी प्रस्तावित

**बगीचे** - सिटी फोरेस्ट बनेगा, जिसमें बड़े पैमाने पर पौधरोपण होगा, फिलहाल सामान्य बगीचे बनाने का प्लान था।

**मोटेल** - यहां ट्रांसपोर्टर्स, व्यापारी, ड्राइवर, हेल्पर व अन्य रियायती मूल्य पर ठहर सकेंगे। अभी ऐसी कोई सुविधा शामिल नहीं की गई थी।

**मल्टीपर्पस बिल्डिंग** - इसमें बैंक, आरडीए सहित अन्य जरूरी कार्यालय होंगे, जिनसे ट्रांसपोर्टर्स का रोजाना वास्ता पड़ता है। उन्हें शहर नहीं जाना पड़ेगा। वर्तमान में इसका प्रावधान लेकिन अलग-अलग।

**फूड जोन** - इसमें खान-पान की दुकानें होंगी, ट्रांसपोर्ट नगर में आने वाले सभी प्रकार का नाश्ते और खाने की सुविधा मिलेगी। पहले भी इसका प्रावधान था लेकिन रेस्टोरेंट के रूप में।

**टॉयलेट** - इसका पूरा अलग से ब्लॉक बनाया जाएगा, देखरेख आरडीए करेगा।

**जुलाई अंत तक नक्शा** - जुलाई खत्म होने से पहले नया नक्शा तैयार हो जाएगा। नियुक्ति के बाद दूसरी बार आए कंसल्टेंट ने शुक्रवार को आरडीए के इंजीनियरों के साथ सालाखेड़ी की जमीन का मौका मुआयना कर लिया है। इस दौरान उबड़-खाबड़ जमीन को समतल करने, एंट्री गेट, ड्रेनेज, बिल्डिंग, कमर्शियल और ट्रांसपोर्टर्स के लिए काटे जाने वाले प्लॉट की लोकेशन भी चयनित कर ली है।

**प्लान जल्द बनेगा** - कुछ परिवर्तन के साथ आधुनिक सुविधाओं वाले ट्रांसपोर्ट नगर का प्लान जल्द तैयार हो जाएगा। दो से तीन माह में इसका काम शुरू कर देंगे। जमीन को लेकर धारा 50 की कार्रवाई शुरू कर दी है। भूमि उपयोग के संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।
- कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर

### 9 साल से फाइलों में उलझा हुआ है ट्रांसपोर्ट नगर

- **2012** - योजना बनाने की शुरुआत, आरडीए ने सालाखेड़ी की जमीन चयनित की। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के साथ बैठक भी की।
- **2013** - विधानसभा चुनाव के पहले तत्कालीन आरडीए अध्यक्ष विष्णु त्रिपाठी ने इस्तीफा दे दिया। इसके बाद से आरडीए अफसर ही चला रहे हैं। उनके पास पहले ही ज्यादा काम होने से ध्यान नहीं दे पा रहे।
- **2015-16** - आरडीए और तत्कालीन कलेक्टर ने योजना बदलते हुए ट्रांसपोर्ट नगर सालाखेड़ी की बजाय खाराखेड़ी-मांगरोल में बनाने का फैसला किया।
- **2017** - मांगरोल-खाराखेड़ी की जमीन आरडीए को मिली। इसके बाद मांगरोल की सर्वे नंबर 43/1, 43/5 तथा खाराखेड़ी की सर्वे नंबर 4/1 व 4/2 जमीन की सीमांकन भी कर लिया गया।
- **2018** - विभागों की मंजूरी के लिए फाइल चली तो टीएंडसीपी ने बताया कि सालाखेड़ी-मांगरोल की जमीन मास्टर प्लान के बाहर है।
- **2019** - प्राधिकरण बोर्ड ने वापस सालाखेड़ी की जमीन पर ही ट्रांसपोर्ट नगर बनाने का निर्णय लिया। फरवरी 2020 में प्रशासन ने सालाखेड़ी की जमीन भी आवंटित कर दी।
- **2021** - जून में जमीन को लेकर धारा 50 की कार्रवाई का प्रस्ताव भोपाल भेजा, ट्रांसपोर्ट नगर के लिए उपयोग करने का नोटिफिकेशन जारी, शुरुआती प्रजेंटेशन के बाद अब नया प्लान बनेगा।

3.7.2021

# टीकाकरण केंद्रों पर गंभीर लापरवाही और अव्यवस्था के बाद प्रशासन ने दिया ध्यान

## कलेक्टर ने टीकाकरण व्यवस्था को लेकर की समीक्षा, अब टोकन के आधार पर होगा टीकाकरण

**रतलाम ● स्वदेश समाचार** 3.7.21







रतलाम सहित जिले में टीकाकरण अभियान के तहत कई स्थानों पर अव्यवस्था के नजारे गुरुवार को देखने को आए। मीडिया ने भी और सामाजिक संस्थाओं ने भी टीकाकरण केंद्रों की व्यवस्थाओं को लेकर काफी आलोचना की। कई स्थानों पर लोग लम्बी कतारें लगाए धूप में खड़े थे उनके लिए न तो कोई छाव की व्यवस्था थी और ना ही पीने के पानी की और ना ही कोई जिम्मेदार अधिकारी वहां नजर आ रहा था। कई जगह विवाद की स्थिति भी नजर आई।

सामाजिक दूरी का पालन भी नहीं हुआ, जबकि शासन-प्रशासन स्वयं दो गज की दूरी का पालन करने का निर्देश देता है। ऐसे में कई ऐसे आयोजन हो रहे है जिसमें सामाजिक दूरी का पालन नहीं हो रहा है और ना ही राजनैतिक, सामाजिक आयोजनों में मास्क का बराबर उपयोग हो रहा है,जिसकी आलोचना काफी हो रही है। आश्चर्य है कि राजनैतिक क्षेत्र में काम करने वाले लोग भी इसका पालन नहीं करते और ना ही प्रशासनिक अधिकारी इस बात का ध्यान रखते है कि सामाजिक दूरी का कड़ाई से पालन क्यों नहीं हो रहा है। केवल व्यापारिक प्रतिष्ठानों और सामान्य नागरिकों पर चालानी कार्रवाई लोगों को रास नहीं आ रही है। इसलिए चाहिए कि सभी स्तर पर कोरोना गाइड लाइन का पालन सख्ती से करवाया जाए, हर खास और सामान्य सामाजिक दूरी का पालन करें और मास्क का अनिवार्य रूप से उपयोग हो।

### आज पर्चीधारकों को लगेगा सेकंड डोज

इस दौरान बताया गया कि शहर में 3 जुलाई को मात्र को-वैक्सीन का सेकंड डोज लगाया जाएगा। लगभग साढे 4 हजार सेकंड डोज लगेंगे। आगे 5 जुलाई को भी शहर रतलाम में कोविशील्ड के करीब 6000 सेकंड डोज ही लगाए जाएंगे।

### लोग परेशान न हो

कलेक्टर ने रतलाम शहर में सुनियोजित ढंग से टीकाकरण कार्य करवाने के संबंध में निर्देशित किया कि लोगों को परेशान नहीं होना पड़े इसके लिए अच्छे ढंग से प्लान तैयार किया जाए। एक आदर्श व्यवस्था बने, टीकाकरण सेंटर पर माइक व्यवस्था के साथ ही एक बोर्ड लगाया जाए, बोर्ड पर सेंटर पर उपलब्ध टीकों की संख्या तय समय तक वितरित पर्ची की संख्या की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक सेंटर पर लगभग ढाई सौ वैक्सीनेशन की व्यवस्था रहे।

### समय पर सेकंड डोज लगाया जाए

कलेक्टर ने बताया कि जिन लोगों को टीके का सेकंड डोज लगाया जाना है उनका डाटा प्रशासन के पास है ,ऐसे व्यक्ति निश्चिंत रहें समय पर उनको सेकंड डोज लगाए जाना सुनिश्चित किया गया है। आमजन यह सुनिश्चित करें की प्रथम डोज में उनके द्वारा जो मोबाइल नंबर दिया गया है वही मोबाइल नंबर सेकंड डोज के दौरान भी बताए।

### ग्राम डाबड़ी तथा मीनावदा हुए शत-प्रतिशत वैक्सीनेटेड

कोविड-वैक्सीनेशन महाअभियान में 1 जुलाई को जिले के दो गांव शत-प्रतिशत वैक्सीनेटेड हो गए इनमें बाजना विकासखंड के ग्राम डाबड़ी में पात्र 623 व्यक्तियों को टीके का प्रथम डोज लगाया जा चुका है। इसी प्रकार विकासखंड आलोट के ग्राम मीनावदा में पात्र सभी 1209 व्यक्ति प्रथम डोज से लाभान्वित हुए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पूर्णतया वैक्सीनेटेड गांवों की उपलब्धि पर संबंधित एसडीएम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा टीम के अन्य सदस्यों को बधाई दी है।

### वैक्सीनेशन कार्य सुनियोजित ढंग से हो-कलेक्टर

कोविड-वैक्सीनेशन महाअभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि रतलाम शहर में वैक्सीनेशन कार्य सुनियोजित ढंग से किया जाए,शुक्रवार को समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अब टीकाकरण केंद्रों पर आमजन को सुबह 8 से 9 बजे के मध्य पर्चियां प्रदान की जाएगी पर्ची पर व्यक्ति के संभावित टीकाकरण का समय दिया जाएगा साथ ही सेंटर का नाम भी होगा। आमजन से अनुरोध रहेगा कि पर्ची में बताए गए निर्धारित टाइम पर ही टीकाकरण के लिए आए।

3-7-2021

# पहली बरसात में ही खराब हुई सड़क का पेचवर्क शुरू किया

## मामला त्रिवेणी में बनी सड़क का पहली बारिश में खराब होने का

भास्कर संवाददाता | रतलाम

3-7-21

त्रिवेणी में नगर निगम ने मई में सड़क बनाई थी, लेकिन यह पहली बारिश में ही खराब हो गई थी। कई स्थानों से इसमें से चूरी निकलने लगी थी। वहीं कई स्थानों पर वाहन निकलने पर ही सड़क उखड़ रही थी। इसकी शिकायत पर कलेक्टर ने दो सदस्यीय समिति का गठन किया था जो रविवार को त्रिवेणी पहुंची थी और सड़क पर तीन स्थानों पर गड्ढे कर सैंपल लिए थे। इस बीच यह सड़क की मरम्मत शुरू हो गई है। जहां-जहां से सड़क खराब हुई है वहां इसकी मरम्मत की गई। गौरतलब है कि नगर निगम ने मुक्तिधाम से त्रिवेणी पुलिस चौकी तक डामर की सड़क मई में बनवाई थी, लेकिन पहली बारिश में यह उखड़ना शुरू हो गई है। रोड की स्थिति यह हो गई थी कि अंगुली लगाने से ही डामर निकलने लगा था। इस पर दैनिक भास्कर ने मामला प्रमुखता से उठाया था। इस पर कलेक्टर ने जांच समिति का गठन किया था।

दै. भास्कर

3-7-2021

## नेशनल लोक अदालत 10 को

रतलाम ● देश/प्रदेश के साथ ही जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना, आलोट में 10 जुलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जि.वि.से.प्रा. उमेश कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समस्त बैंक प्रबंधक, क्षैत्रीय शाखा प्रबंधक एवं नगर निगम के अधिकारीगणों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बैंकों की अधिक से अधिक रिकवरी एवं नगर पालिक निगम रतलाम के जल कर तथा संपत्ति कर के प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित कर सूचना पत्र जारी कराने एवं निराकरण के संबंध में चर्चा की गई।

## नेशनल लोक अदालत के लिए बैठक आयोजित

रतलाम। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिले में 10 जून को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैंक व नगर निगम के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों के साथ बैंकों की अधिक से अधिक वसूली व नगर निगम के जल व संपति कर के प्रकरणों को ज्यादा से ज्यादा चिं-त कर संबंधितों को सूचना पत्र जारी करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में नगर निगम की सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, जलकर प्रभारी जितेंद्र उपाध्याय, व देवेंद्र पुरोहित, बैंक अधिकारी राकेश गर्ग, आरएस इंडोरिया, अमित गुप्ता, दिलीप चक्रवर्ती, एसएस राठौर, विजय दीप आहूजा, जयप्रकाश राठौर आदि उपस्थित थे।

नई दुनिया 3-7-2021

## नेशनल लोक अदालत 10 जुलाई को

रतलाम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली (नालसा) एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 10 जुलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन देश/प्रदेश के साथ ही जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना, आलोट में किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जि.वि.से.प्रा. उमेश कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश,सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 1 जुलाई को समस्त बैंक प्रबंधक, क्षैत्रीय शाखा प्रबंधक एवं नगर निगम के अधिकारी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बैंकों की अधिक से अधिक रिकवरी एवं नगर पालिक निगम रतलाम के जलकर तथा संपत्तिकर के प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित कर सूचना पत्र जारी कराने एवं निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में नगर निगम अधिकारी द्वारा शहर में लोक अदालत का प्रचार-प्रसार कराने का आश्वासन दिया गया।

3-7-2021

# पुरानी गाइडलाइन पर 31 जुलाई तक होगी रजिस्ट्री, बड़ी संख्या में स्लॉट बुकिंग जारी

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

संपत्तियों की खरीदारी करने वालों के लिए राहत भरी खबर है। अब 31 जुलाई तक पुरानी गाइड लाइन पर ही रजिस्ट्री के लिए स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी। इससे 5 लाख के सौदे पर लगभग 10 हजार तक की बचत होगी। समयावधि बढ़ाने की घोषणा के बाद से ही रजिस्ट्री कराने वालो की संख्या बढ़ गई है।

ऑनलाइन हो रही रजिस्ट्री के स्लॉट 5 जुलाई तक के लिए फुल हो चुके हैं। अब आप 6 जुलाई या इसके बाद रजिस्ट्री करा सकेंगे। इसके लिए आपको अपना स्लॉट बुक कराना होगा। हर नए वित्तीय वर्ष में जिला मूल्यांकन समिति के अनुशंसा पर शासन शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन के दरों में संशोधन करती है। इस साल गाइडलाइन में 15 से 20 प्रतिशत वृद्धि के प्रस्ताव जिला मूल्यांकन समिति ने दिया है। 1 अप्रैल से यह दरें लागू हो जाती है। इस बार शासन ने इसे 30 जून तक के लिए स्थगित कर दिया था। यानि कि अब 1 जुलाई ने नई दरें लागू नहीं हुई। अब 31 जुलाई तक के लिए नई दरों को स्थगित किया गया है। अब यह नई दरें 1 अगस्त से लागू होगी।




## स्टाम्प शुल्क बचाने के लिए 5 जुलाई तक के सभी स्लॉट बुक

ऑनलाइन 1 दिन के लिए अधिकतम 50 से अधिक रजिस्ट्रियों के स्लॉट बुक किए जाते हैं। चूंकि नई दरें 1 जुलाई से लागू होने की संभावना थी। ऐसे में लोगों ने 30 जून में ही अपनी रजिस्ट्री के स्लॉट बुक करा दिए ताकि नई दरों के हिसाब से स्टांप शुल्क न देना पड़े। 5 जुलाई तक के सभी स्लॉट बुक हो चुके हैं। 6 जुलाई में स्लॉट बुक किए जा रहे हैं। 31 जुलाई तक अब पुरानी ही दरों पर रजिस्ट्री होगी।

## बाजार में बिकता मिला निगम का कबाड़

रतलाम। गोपाल गोशाला कॉलोनी के बगीचे से लोहे की जालियां और एंगल उखाड़कर जो कि नगर निगम रतलाम की संपत्ति है बजाय नगर निगम के स्टोर में जमा कराने के निगम कर्मी ट्रैक्टर में भरकर लच्छू कबाड़ी के यहां उतार रहे थे। गोशाला के जागरूक नागरिकों ने शंका होने पर ट्रैक्टर का पीछा कर रंगे हाथों निगम कर्मी को पकड़ लिया और वीडियो भी बना लिया और पुलिस को फोन कर दिया पुलिस ने वहां से वापस सामान भरवा कर ट्रैक्टर हॉट की चौकी थाने पर लेकर आए व मामला दीनदयाल नगर थाने का होने से वहां सुपुर्द कर दिया।

3-7-21

3-7-2021

# नगर निगम के उद्यान की निकली हुई जालियां कबाड़ी की दुकान पर बेच रहे थे निगमकर्मी

## वीडियो बनते देख ट्रैक्टर-ट्रॉली से सामान गिरने का बहाना बनाने लगे कर्मचारी

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

3-7-2021



नगर निगम को अब निगम के कर्मचारी ही चूना लगाने से नहीं चूक रहे हैं। नगर निगम के एक स्थाई कर्मचारी और 4 अस्थाई कर्मचारियों ने मिलकर नगर निगम के उद्यान से निकली फेंसिंग की जालियां और एंगल कबाड़ी के यहां बेच दी। मामले का खुलासा होने पर यह कर्मचारी निगम के वाहन से ही कबाड़ी के यहां वापस लेने पहुंच गए। निगम की संपत्ति बेचने के इस मामले पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त ने आरोपी कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

दरअसल रतलाम के बुद्धेश्वर रोड स्थित उद्यान में निर्माण कार्य के दौरान निकली फेंसिंग की जालियों को नगर निगम के वाहन में लोड करवा कर स्टोर रूम भिजवाया जा रहा था, लेकिन नगर निगम के कर्मचारियों ने रास्ते में ही कबाड़ी की दुकान पर निगम की संपत्ति का सौदा कर दिया। निगम की संपत्ति बेचते हुए स्थानीय लोगों ने मोबाइल में वीडियो बना लिया, जिसके बाद निगमकर्मी ट्रैक्टर से उतारी गई लोहे की जालियों और एंगल को फिर से ट्रैक्टर में भरने लगे। सूचना मिलने पर हाट की चौकी पुलिस स्थाई कर्मचारी राजेश चौहान और अस्थायी कर्मचारियों को पूछताछ के लिए चौकी पर लेकर गई है। मामले की पोल खुलते देख निगम कर्मियों ने ट्रैक्टर वाहन में से गिर जाने का बहाना बनाया। मामले की सूचना मिलने पर हाट की चौकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और निगम के कर्मचारियों और ट्रैक्टर को पुलिस चौकी चौकी लेकर गई। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने मामले पर संज्ञान लेते हुए दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

बहरहाल नगर निगम की संपत्ति कबाड़ में बेचने के मामले में दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात निगम के अधिकारी जरूर कर रहे हैं, लेकिन इस घटना ने नगर निगम की संपत्ति की बंदरबांट को उजागर कर दिया है।

3-7-2021

# टीकाकरण की बिगड़ी व्यवस्था पटरी पर लाने अब 'पर्ची सिस्टम'

खबर का असर



पत्रिका 3-7

प्रकाशित खबर।

रतलाम. जिले में पटरी से उतरे कोविड- वैक्सीनेशन अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शुक्रवार सुबह जिम्मेदारों को तलब किया। अभियान के तहत शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को 37000 से अधिक लोगों का टीकाकरण किया था। हर तरफ अव्यवस्था का आलम नजर आया जिसके चलते कहीं धक्का-मुक्की तो कहीं हंगामे की स्थिति बनी, जिसे पत्रिका ने शुक्रवार के अंक में "जिंदगी बचाने के लिए उसे ही लगा रहे दाव पर" शीर्षक के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया था, कलेक्टर ने संज्ञान लेकर जिम्मेदारों को बुलाकर टीकाकरण की समीक्षा की और यह निर्देश जारी किए।



कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश देते हुए कहा कि टीकाकरण केंद्रों पर आमजन को सुबह 8 से 9 बजे के मध्य पर्चियां प्रदान की जाएंगी, पर्ची पर व्यक्ति के संभावित टीकाकरण का समय दिया जाएगा। आमजन से पर्ची में बताए गए टाइम पर ही टीकाकरण के लिए आए।

## हर सेंटर पर 250 टीके

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि एक आदर्श व्यवस्था बने वैक्सीनेशन सेंटर पर, माइक व्यवस्था के साथ ही एक बोर्ड लगाया जाए, बोर्ड पर सेंटर पर उपलब्ध टीकों की संख्या तब समय तक वितरित पर्ची की संख्या की जानकारी दी जाएगी। प्रत्येक सेंटर पर लगभग 250 वैक्सीनेशन की व्यवस्था रहे।

## समय पर सेकंड डोज

कलेक्टर ने बताया कि जिन लोगों को टीके का सेकंड डोज लगाया जाना है, उनका डाटा प्रशासन के पास है। ऐसे व्यक्ति निश्चिंत रहें समय पर उनको सेकंड डोज लगाए जाना सुनिश्चित किया गया है। आमजन यह सुनिश्चित करें की प्रथम डोज में उनके द्वारा जो मोबाइल नंबर दिया गया है, वही मोबाइल नंबर सेकंड डोज के दौरान भी बताएं।

## आज सिर्फ सेकंड डोज

रतलाम शहर में शनिवार 3 जुलाई को मात्र कोवैक्सीन का सेकंड डोज लगाया जाएगा। लगभग साढे 4 हजार सेकंड डोज इस दिन हितग्राहियों को लगेंगे। 5 जुलाई को भी शहर रतलाम में कोविशिल्ड के करीब 6000 सेकंड डोज ही लगाए जाएंगे। समीक्षा बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े आदि उपस्थित थे।

पत्रिका 3-7-2021

---

# रतलाम में टीकाकरण की व्यवस्था में फिर बदलाव

पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम

मो.नं. 9425195101

3-7-21

कोविड-वैक्सीनेशन महा अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि रतलाम शहर में वैक्सीनेशन कार्य सुनियोजित ढंग से किया जाए। शुक्रवार को समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अब टीकाकरण केंद्रों पर आमजन को सुबह 8.00 से 9.00 बजे के मध्य पर्चियां प्रदान की जाएंगी। पर्ची पर व्यक्ति के संभावित टीकाकरण का समय दिया जाएगा। साथ ही सेंटर का नाम भी होगा। आमजन से अनुरोध रहेगा कि पर्ची में बताए गए निर्धारित टाइम पर ही टीकाकरण के लिए आएं।

इस दौरान बताया गया कि रतलाम शहर में शनिवार 3 जुलाई को मात्र को-वैक्सीन का सेकंड डोज लगाया जाएगा। लगभग साढे 4 हजार सेकंड डोज लगेंगे। आगे 5 जुलाई को भी शहर रतलाम में कोविशिल्ड के करीब 6000 सेकंड डोज ही लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक सेंटर पर लगभग 250 वैक्सीनेशन की व्यवस्था रहे।

पीपुल्स समाचार 3-7-21

---

# अब पर्ची देकर बताएंगे टीका लगवाने कितनी बजे आएं

## आज सिर्फ को-वैक्सीन के सेकंड डोज लगेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

3-7-21

जिले के टीकाकरण केंद्रों पर लगातार हो रही भीड़ के चलते अब प्रशासन ने अपना प्लान बदला है। अब आपको लाइन में नहीं लगना होगा बल्कि केंद्रों से सुबह एक पर्ची लेना होगी, इसमें जो समय लिखा हो, उसी समय टीका लगाया जाएगा। शनिवार को सिर्फ को-वैक्सीन के सेकंड डोज लगेंगे।

जिले के अलग-अलग केंद्रों पर लगातार भीड़ हो रही थी। गुरुवार को कहीं विवाद तो कहीं धक्का-मुक्की की नौबत भी बनी। शुक्रवार को समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने भीड़ को रोकने के लिए नया तरीका अपनाया है। अब टीकाकरण केंद्रों पर आमजन को सुबह 8 से 9 बजे के बीच पर्चियां दी जाएंगी। पर्ची पर व्यक्ति के संभावित टीकाकरण का समय दिया जाएगा, साथ ही सेंटर का नाम भी होगा। पर्ची में बताए गए निर्धारित टाइम पर ही टीकाकरण के लिए आना होगा।

### 4.5 हजार दूसरे डोज लगेंगे

शनिवार को सिर्फ शहर में सत्र होंगे। शहर में शनिवार को मात्र को-वैक्सीन का सेकंड डोज लगाया जाएगा। लगभग 4.5 हजार सेकंड डोज लगेंगे। 5 जुलाई को शहर में कोविशिल्ड के करीब 6,000 सेकंड डोज लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने कहा वैक्सीनेशन सेंटर पर माइक व्यवस्था के साथ ही एक बोर्ड लगाया जाए। बोर्ड पर सेंटर पर उपलब्ध टीकों की संख्या और वितरित पर्ची की जानकारी हो। हर सेंटर पर करीब 250 वैक्सीन की व्यवस्था रहे।

दै. भास्कर 3-7-21

---

# आज शहर में 18 स्थानों पर केवल को-वैक्सीन के दूसरे डोज का टीकाकरण किया जाएगा

रतलाम। जिले में 3 जुलाई को आयोजित होने वाले कोविड-19 के वैक्सीनेशन के लिए रतलाम शहर में कुल 18 स्थान चिन्हित किए गए हैं। इनमें से 12 स्थान सभी आमजन के लिए जबकि 6 स्थान विशेष आरक्षित केंद्र के रूप में चिन्हित किए गए हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि रतलाम शहर में को-वैक्सीन के दूसरे डोज के लिए गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर, बोधी इंटरनेशनल स्कूल डोंगरे नगर, आईएमए हॉल राजेंद्र नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर, ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, लायंस हॉल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार, सूरज हाल वैदव्यास कॉलोनी, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी, जैन काश्यप सभागृह सागोद रोड, पुराना कलेक्ट्रेट गुलाब चक्कर के पास, प्रिंस पैलेस साक्षी पेट्रोल पंप के पास स्थानों पर को वैक्सीन का केवल दूसरा डोज लगाया जाएगा। 3-7-21

3-7-21

मामला खुलने पर कबाड़ी के यहां से वापस लाए अधिकारी, पुलिस ने पूछताछ शुरू की

# निगम के कर्मचारियों ने उद्यान से निकली जालियां और एंगल कबाड़ी को बेच दी



दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

3-7-2021

नगर निगम को उसके ही कर्मचारी चूना लगाने से नहीं चूक रहे हैं। निगम के एक स्थाई कर्मचारी और 4 अस्थाई कर्मचारियों ने मिलकर उद्यान से निकली फेंसिंग की जालियां और एंगल कबाड़ी के यहां बेच दी। मामले का खुलासा होने पर यह कर्मचारी निगम के वाहन से ही कबाड़ी के यहां वापस लेने पहुंच गए। निगम की संपत्ति बेचने के इस मामले पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त ने आरोपी कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

शहर के बुद्धेश्वर रोड स्थित उद्यान में निर्माण कार्य के दौरान निकली फेंसिंग की जालियों को नगर निगम के वाहन में लोड करवा कर स्टोर रूम भिजवाया जा रहा था, लेकिन नगर निगम के कर्मचारियों ने रास्ते में ही कबाड़ी की दुकान पर निगम की संपत्ति का सौदा कर दिया। निगम की संपत्ति बेचते हुए स्थानीय लोगों ने मोबाइल में वीडियो बना लिया। जिसके बाद निगमकर्मी ट्रैक्टर से उतारी गई लोहे की जालियों और एंगल को फिर से ट्रैक्टर में भरने लगे। सूचना मिलने पर हाट की चौकी पुलिस स्थाई कर्मचारी राजेश चौहान और अस्थाई कर्मचारियों को पूछताछ के लिए चौकी पर लेकर गई है।

मामले की पोल खुलते देख निगम कर्मियों ने ट्रैक्टर वाहन में से गिर जाने का बहाना बनाया। सूचना मिलने पर हाथ की चौकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और निगम के कर्मचारियों और ट्रैक्टर को पुलिस चौकी चौकी लेकर गई। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने मामले पर संज्ञान लेते हुए दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बहरहाल नगर निगम की संपत्ति कबाड़ में बेचने के मामले में दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात निगम के अधिकारी जरूर कर रहे हैं, लेकिन इस घटना ने नगर निगम की संपत्ति की बंदरबांट को उजागर कर दिया है।

3/7/21 दु/निमा

3-7-2021

## एक नया पाजिटिव मिला और 10 डिस्चार्ज

रतलाम। जिले में शुक्रवार को एक नया पाजिटिव केस सामने आया। 10 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 16 है। जिले में अब तक 17484 पाजिटिव केस सामने आ चुके है, वहीं 17157 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है।

## कंवलका माता मंदिर परिसर में वन विभाग कराएगा सफाई

रतलाम। जिले के सातरुंडा पहाड़ी पर स्थित कंवलका माता मंदिर परिसर में वन विभाग सफाई कराएगा। पालीथिन मुक्त स्वच्छता अभियान के तहत यह पहल हो रही है, जिसमें क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ जिले की वन समितियों के सदस्य और वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे। 11 जुलाई को सुबह 10.30 से शाम 5.00 बजे तक अभियान चलेगा। रतलाम डीएफओ डीएस डोडवे ने बताया कि [illegible]

नगर निगम के उद्यान की निकली हुई जालियां कबाड़ी की दुकान पर बेच रहे थे निगमकर्मी इन्दौर समाचार 3-7-21

# वीडियो बनते देख ट्रैक्टर-ट्रॉली से सामान गिरने का बहाना बनाने लगे कर्मचारी

रतलाम। नगर निगम को अब निगम के कर्मचारी ही चूना लगाने से नहीं चूक रहे हैं। नगर निगम के एक स्थाई कर्मचारी और 4 अस्थाई कर्मचारियों ने मिलकर नगर निगम के उद्यान से निकली फेंसिंग की जालियां और एंगल कबाड़ी के यहां बेच दी। मामले का खुलासा होने पर यह कर्मचारी निगम के वाहन से ही कबाड़ी के यहां वापस लेने पहुंच गए। निगम की संपत्ति बेचने के इस मामले पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त ने आरोपी कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

दरअसल रतलाम के बुद्धेश्वर रोड स्थित उद्यान में निर्माण कार्य के दौरान निकली फेंसिंग की जालियों को नगर निगम के वाहन में लोड करवा कर स्टोर रूम भिजवाया जा रहा था, लेकिन नगर निगम के कर्मचारियों ने रास्ते में ही कबाड़ी की दुकान पर निगम की संपत्ति का सौदा



कर दिया। निगम की संपत्ति बेचते हुए स्थानीय लोगों ने मोबाइल में वीडियो बना लिया। जिसके बाद निगमकर्मी ट्रैक्टर से उतारी गई लोहे की जालियों और एंगल को फिर से ट्रैक्टर में भरने लगे। सूचना मिलने पर हाट की चौकी पुलिस स्थाई कर्मचारी राजेश चौहान और अस्थाई कर्मचारियों को पूछताछ के लिए चौकी पर लेकर गई है। मामले की पोल खुलते देख निगम कर्मियों ने ट्रैक्टर वाहन में से गिर जाने का बहाना बनाया। मामले की सूचना मिलने पर हाथ की चौकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और निगम के कर्मचारियों और ट्रैक्टर को पुलिस चौकी चौकी लेकर गई। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने मामले पर संज्ञान लेते हुए दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बहरहाल नगर निगम की संपत्ति कबाड़ में बेचने के मामले में दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात निगम के अधिकारी जरूर कर रहे हैं, लेकिन इस घटना ने नगर निगम की संपत्ति की बंदरबांट को उजागर कर दिया है।

इन्दौर समाचार
3-7-2021

**कलेक्टर ने रोगी कल्याण समिति की बैठक में दिए निर्देश, दो नई मशीनों की खरीदी को मंजूरी**

# अस्पताल की सफाई व्यवस्था से कलेक्टर नाराज

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com 3-7-21



**रतलाम.** जिला चिकित्सालय की सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं है। सिविल सर्जन सफाई पर फोकस करें, सुंदर स्वरूप देवें, सैनिटेशन पर प्रॉपर ध्यान दिया जाए, छोटा कंपोस्टिंग प्लांट लगाया जाए, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट स्थापित किया जाए। यह बात कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की बैठक में दिए।

कलेक्टर की इस बैठक के दौरान जिला चिकित्सालय के लिए कई कार्योत्तर स्वीकृतियां दी गई। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य नवीन कार्यों पर चर्चा हुई। मरीजों की सुविधा के लिए दो नई मशीनें क्रय करने की मंजूरी भी बैठक में दी गई। बैठक के दौरान समिति सदस्य गोविंद काकानी, मनोहर पोरवाल, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभाकर ननावरे, सिविल सर्जन डॉ आनंद चंदेलकर, डीपीएम डॉ अजहर अली आदि उपस्थित थे।

## किसमें कितनी राशि खर्च

जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित कुएं के जीर्णोद्धार में निर्माण कार्य के प्रथम चरण में 57 हजार 500 रुपए, द्वितीय चरण में कुएं को लोहे के जाल से ढंकने के लिए अनुमानित लागत 1 लाख 60 हजार रुपए के प्रस्ताव के संबंध में कुएं की बाउंड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाते हुए फेंसिंग के कार्य के लिए कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जिला चिकित्सालय ओपीडी में एल्युमीनियम सेक्शन एवं पेंटिंग कार्य के लिए प्रथम भाग में 88 हजार 803 रुपए एवं द्वितीय भाग में 61 हजार 595 रुपए के प्रस्ताव पर समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी, यह कार्यवाई पूर्ण कर ली गई है।

## इन पर भी बनी सहमति

एमसीएच अस्पताल में निर्माणाधीन शेड, जिला चिकित्सालय के आईसीयू एवं सीसीयू वार्ड में नवीन वैक्यूम एवं ऑक्सीजन लाइन का अनुमानित कार्य दो लाख रुपए की लागत से बना है। यहां डिजिटल एक्स-रे मशीन रेडक्रॉस के माध्यम से 10 लाख रुपए में क्रय करने एवं सीआर्म मशीन, जो ऑर्थोपेडिक कार्य में सहायक होती है, इसे रोगी कल्याण समिति से क्रय करने के संबंध में निर्णय लिया गया। यहां नवीन लॉन्ड्री के निर्माण के बाद आगामी कार्यवाही पर चर्चा की गई। ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट सप्लाई के लिए 90 मीटर की ऑक्सीजन पाइप लाइन के कार्य के लिए दो लाख रुपए, ब्लड बैंक एवं सीटी स्कैन कक्ष में इलेक्ट्रिक एवं रिनोवेशन कार्य की अनुमानित राशि दो लाख रुपए की कार्योत्तर स्वीकृति भी प्रदान की गई।

पत्रिका 3-7-2021

---

**सुविधा** **कलेक्टर की उपस्थिति में रोगी कल्याण समिति की बैठक में लिया निर्णय**

# जिला अस्पताल में खरीदी जाएगी नई एक्स-रे मशीन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए संसाधन बढ़ाए जाएंगे। शुक्रवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक में नई डिजिटल एक्सरे मशीन, सीआर्म मशीन और आपरेशन टेबल खरीदने की मंजूरी दी गई। वर्तमान एक्सरे मशीन पुरानी होने से भी मरीजों व टैक्नीशियन को परेशानी हो रही है।

बैठक में जिला अस्पताल के आइसीयू व सीसीयू वार्ड में नवीन वैक्यूम एवं आक्सीजन लाइन पर अनुमानित दो लाख रुपये खर्च के प्रस्ताव पर सहमति दी गई। डिजिटल एक्स-रे मशीन रेडक्रास के माध्यम से 10 लाख रुपये में व आर्थोपेडिक कार्य में सहायक सीआर्म मशीन रोगी कल्याण समिति के माध्यम से खरीदी जाएगी।

अस्पताल में नई लांड्री के निर्माण के बाद आगे की कार्रवाई पर चर्चा की गई।

**सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं है:** जिला अस्पताल में सफाई की कमी पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि व्यवस्था अच्छी नहीं है। सिविल सर्जन सफाई पर फोकस करें। सैनिटाइजेशन पर ध्यान देंगे, परिसर में छोटा कंपोस्टिंग प्लांट लगाकर सालिड वेस्ट मैनेजमेंट भी किया जाए।

बैठक में समिति सदस्य गोविंद काकानी, मनोहर पोरवाल, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे, सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर, डीपीएम डा. अजहर अली आदि उपस्थित रहे।

## अस्पताल में यह काम हुए

विगत बैठक के निर्देशों को लेकर बताया गया कि जिला अस्पताल परिसर स्थित कुएं के जीर्णोद्धार के प्रथम चरण में 57500 रुपये की कार्योत्तर स्वीकृति दी गई थी। द्वितीय चरण में कुएं को लोहे के जाल से ढंकने के लिए 1 लाख 60 हजार रुपये की लागत से बाउंड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाते हुए फेंसिंग का कार्य प्रक्रियाधीन है। जिला चिकित्सालय स्थित बावड़ी के जीर्णोद्धार के संबंध में भी आवश्यक निर्णय लिए गए थे।


रोगी कल्याण समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

नईदुनिया
3-7-2021

दैनिक भास्कर, शनिवार, 03 जुलाई, 2021



रतलाम जिले की

**29.98%**

**आबादी को लग गया टीका...**

वैक्सीनेशन 382378

पहला डोज 335192 | दूसरा डोज 47186

# 4 गांव में 100% वैक्सीनेशन, घंर-घर से लाकर दी समझाइश



वैक्सीनेशन केंद्र पर भीड़

| पहला डोज | |
|---|---|
| 18+ | 23.35% |
| 45+ | 39.94% |
| 60+ | 38.57% |

| दूसरा डोज | |
|---|---|
| 18+ | 2.36% |
| 45+ | 14.92% |
| 60+ | 33.01% |

**रतलाम शहर में 45+ के 77 प्रतिशत लोगों को टीका लगा**

| ब्लॉक | 18+ | 45+ |
|---|---|---|
| आलोट | 16.65% | 31.68% |
| बाजना | 10.02% | 14.47% |
| जावरा | 20.48% | 34.29% |
| पिपलौदा | 15.77% | 36.96% |
| सैलाना | 16.60% | 20.91% |
| ग्रामीण | 17.82% | 32.68% |
| शहर | 48.51% | 77.76% |

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले की 29.98% आबादी को पहला डोज लग चुका है। जिले के 4 गांव ऐसे हैं जो 100% वैक्सीनेटेड हो गए हैं। यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि जिस तरह चुनाव के वक्त वोटर को केंद्र तक लाते हैं, ठीक उसी तरह इन गांवों में भी लोगों को वैक्सीन लगवाने लाए हैं। एक-एक व्यक्ति पर नजर रखी गई थी। पढ़ें... जिले के 4 गांव में किस तरह संभव हुआ 100% वैक्सीनेशन...।

## शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन ऐसे हुआ संभव...

**1. पिपलौदा : समाचार की कटिंग**
- यहां 5783 लोगों को पहला डोज लग चुका है।
- जो वैक्सीनेशन के लिए नहीं आ रहे थे, उन्हें बार-बार फोन लगाया।

**2. मीनावदा : मतदान में जिस तरह वोटर को लाते हैं, वैसे लेकर आए**
- बीएमओ डॉ. अब्दुल कादिर ने बताया ग्रामीणों की सूची निकलवाई, इसी के आधार पर लगातार फॉलोअप लेते रहे।

**3. डाबड़ी : गैस की बीमारी खत्म हो रही है, इस बात से लोग ज्यादा आए**
- बाजना ब्लॉक में रावटी के करीब ग्राम डाबड़ी में 623 लोगों को टीका लगा।
- आखिरी सत्र बोला तो उमड़े।

**4. पंचेड़ : स्वयंसेवक आगे आए।**
- जिले में पंचेड़ में सबसे पहले 100% लोगों को वैक्सीन लगी।
- यहां राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवकों ने लोगों को मोटिवेट किया।

दै० भास्कर 3-7-2021

# आज और पांच जुलाई को सिर्फ दूसरी डोज ही लगेगी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान में केंद्रों पर भीड़ बढ़ने के चलते व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। अब टीकाकरण केंद्रों पर सुबह आठ से नौ बजे के बीच संबंधित को टीकाकरण का क्रम व संभावित समय लिखी पर्ची दी जाएगी। इस पर सेंटर का नाम भी होगा। इससे तय समय पर जाकर लोग टीका लगवा सकेंगे और भीड़ नहीं होगी। यह निर्देश शुक्रवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में टीकाकरण की समीक्षा करते हुए दिए।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि शहर में शनिवार को केवल कोवैक्सीन के करीब 4000 सेकंड डोज लगेंगी। इसी तरह पांच जुलाई को भी शहर में कोविशील्ड के करीब 6000 सेकंड डोज ही लगाई जाएंगी। कहीं भी प्रथम डोज नहीं लगाई जाएगी।



**टीकाकरण केंद्रों पर इस तरह होगी व्यवस्था :** कलेक्टर ने निर्देशित किया कि वैक्सीनेशन सेंटर पर माइक व्यवस्था के साथ ही एक बोर्ड लगाकर सेंटर पर उपलब्ध टीकों की संख्या, समय आधारित वितरित पर्ची की संख्या की जानकारी दी जाए। प्रति सेंटर पर लगभग ढाई सौ वैक्सीनेशन की व्यवस्था रहे। जिन लोगों को टीके का सेकंड डोज लगाया जाना है उनका डाटा प्रशासन के पास है। ऐसे व्यक्ति निश्चिंत रहें, समय पर उनको सेकंड डोज लगाए जाना सुनिश्चित किया गया है। आमजन प्रथम डोज लगवाने के दौरान दिया गया मोबाइल नंबर ही सेकंड डोज के दौरान भी बताएं।

**आज शहर में इन स्थानों पर होगा टीकाकरण**

शनिवार को टीकाकरण में 12 स्थान सभी के लिए जबकि छह स्थान विशेष आरक्षित केंद्र के रूप में चिह्नित किए गए हैं। दूसरे डो के लिए गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर, बीवी इंटरनेशनल स्कूल डोंगरे नगर, आइएमए हाल राजेंद्र नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर, ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, लायंस हाल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार, सूरज हाल वेद व्यास कालोनी, कम्युनिटी हाल अलकापुरी, जैन कश्यप सभागृह सागोद रोड, पुराना कलेक्ट्रेट गुलाब चक्कर के पास, प्रिंस पैलेस साक्षी पेट्रोल पंप के पास स्थानों पर को वैक्सीन का केवल दूसरा डो लगाया जाएगा।

**विशेष आरक्षित वैक्सीनेशन केंद्र :** श्रम सभागृह, पावर हाउस रोड (विद्युत वितरण कंपनी कर्मचारियों के लिए), ग्राम स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र बिरियाखेड़ी रोड( बैंक अधिकारी एवं कर्मियों के लिए) आफिसर्स क्लब डीआरएम आफिस दो बत्ती रोड (केवल रेलवे कर्मचारियों के लिए), इप्का डेरी फार्म (केवल इप्का कर्मचारियों के लिए), इंडियन आइल डिपो को विशेष आरक्षित वैक्सीनेशन केंद्र के रूप में निर्धारित किया गया है।

**ग्राम डाबड़ी व मीनावदा भी शत-प्रतिशत वैक्सीनेटेड :** वैक्सीनेशन महाअभियान में जिले के दो गांव शत-प्रतिशत वैक्सीनेटेड हो गए। इनमें बाजना विकासखंड के ग्राम डाबड़ी में पात्र 623 व्यक्तियों को व विकासखंड आलोट के ग्राम मीनावदा में पात्र सभी 1209 व्यक्तियों को पहला डोज लगाया गया है। इससे पहले ग्राम पंचायत पंचेड़ व नगर परिषद पिपलौदा में भी शत प्रतिशत वैक्सीनेशन किया जा चुका है।

नई दुनिया 3-7-2021

## आयुक्त के निर्देशों के बाद कर्मचारियों में हड़कंप

# आयुक्त बोले काम करते हुए चाहिए फोटो...नहीं तो रूकेगा वेतन

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com 3-7-2019

रतलाम. शहर को स्वच्छता की दौड़ में नंबर एक पर लाने की कवायद कर रहे नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की बैठक के दौरान जो निर्देश दिए हैं, उसके बाद से स्वच्छता विभाग में हड़कंप है। असल में शहर के चार जोन प्रभारी को कह दिया गया है कि सुबह व दोपहर में काम करते हुए अलग-अलग मोहल्लों के फोटो चार बार चाहिए। अगर चुक हुई तो वेतन काट दिया जाएगा।

एक जोन प्रभारी ने बताया की आयुक्त झारिया ने आदेश जारी किए है सफाई कर्मचारियों को सुबह 6.30 व 11 बजे कार्य करते हुए कार्य स्थान के साथ फोटो देना होंगे। दोपहर 2.30 बजे तथा शाम 5.30 बजे कार्य करते हुए स्थलों के साथ प्रतिदिन दरोगा एवं जोन प्रभारियों को फोटो आयुक्त के वाट्सएप पर अनिवार्य रूप से भेजे जाए। इस आधार पर ही वेतन/मस्टर भुगतान होंगे। निर्देश के उल्लघन पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही होगी। इसी प्रकार सभी कचरा वाहन के ड्राइवर एवं हेल्पर के फोटो भी स्थल के साथ दरोगा एवं जोन प्रभारियों द्वारा पर 6 सुबह, 112.30 दोपहर तथा 5.30 बजे अनिवार्य रूप से भेजने होंगे।

आयुक्त ने इनके लिए भी आदेश जारी करते हुए कहा है उद्यान के सभी मालियों को भी सुबह, दोपहर व शाम को काम करते हुए अपने फोटा देना होंगे। इसके बिना वेतन/मस्टर भुगतान नहीं किए जायेंगे।

सभी को काम करते हुए फोटो प्रतिदिन देना होंगे। समीक्षा मैदान में जाकर स्वयं करूंगा, जहां फोटो नहीं आए या गंदगी नजर आई वेतन काट दिया जाएगा। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम